**भारत सरकार**
**वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय**
**उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग**
**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 1280**

**मंगलवार, 11 फरवरी, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**भारतीय उद्योग पर यूक्रेन-रूस युद्ध का प्रभाव**

**1280. श्रीमती मंजू शर्मा:**

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने यूक्रेन-रूस युद्ध के भारतीय उद्योग और वाणिज्य पर पड़ने वाले प्रभाव के संबंध में कोई आकलन किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का यूक्रेन-रूस युद्ध के मद्देनजर अर्थव्यवस्था को कोई वित्तीय प्रोत्साहन देने का प्रस्ताव है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री जितिन प्रसाद)**

**(क) और (ख) :** सभी हितधारकों के परामर्श से भारतीय उद्योग और व्यापार में वृद्धि की नियमित आधार पर मॉनीटरिंग की जाती है। भारतीय उद्योग की वृद्धि विभिन्न कारकों द्वारा निर्धारित होती है। इसे पब्लिक डोमेन में उपलब्ध विभिन्न संकेतकों द्वारा मापा जाता है, जैसे औद्योगिक उत्पादन सूचकांक, आठ प्रमुख उद्योगों का सूचकांक, क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई), विनिर्माण, आदि। ये डाटा सेट, विनिर्माण क्षेत्र पर आंतरिक और बाहरी, दोनों कारकों के प्रभाव को ध्यान में रखते हैं, जैसे इनपुट लागत में वृद्धि, भू-राजनीतिक तनाव, आपूर्ति श्रृंखला संबंधी दबाव आदि।

**(ग) और (घ) :** भू-राजनीतिक चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए, वर्ष 2025-26 के केंद्रीय बजट में जिन प्रमुख पहलों की घोषणा की गई हैं, उनसे खपत, बचत, निवेशकों के विश्वास, रोजगार और समग्र आर्थिक विकास में वृद्धि होने की संभावना है। केंद्रीय बजट 2025-26 में कृषि, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई), निवेश और निर्यात को विकास के प्रमुख इंजन के रूप में प्रस्तुत किया गया है। बजट में फुटवियर, चमड़ा, खिलौने, महत्वपूर्ण खनिज, वस्त्र, इलेक्ट्रॉनिक सामान, लीथियम-आयन बैटरी, पोत परिवहन और दूरसंचार जैसे उद्योगों के लिए विशिष्ट उपाय भी प्रस्तावित किए गए हैं। व्यक्तिगत आयकर, निर्यात संवर्धन, वित्तीय क्षेत्र में सुधार, रोजगार सृजन और शहरी विकास में प्रस्तावित सुधारों के माध्यम से परिवारों की खर्च करने की क्षमता को बढ़ाने पर बल देने के साथ ही इन उपायों से निवेशकों के विश्वास, औद्योगिक कार्यकलाप और समग्र आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

*****